# नए ऑटो टिपर मिलने से बेहतर तरीके से होगी शहर की सफाई



## डोमचांच नगर में 6 नए ऑटो टिपर को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**डोमचांच/कोडरमा।** नगर पंचायत डोमचांच क्षेत्र अंतर्गत सभी 14 वार्डों में बेहतर साफ-सफाई तथा डोर टू डोर कचरे का उठाव करने हेतु गुरूवार को नगर पंचायत के अध्यक्ष राज कुमार मेहता, उपाध्यक्ष पप्पू मेहता एवं वार्ड पार्षदों के द्वारा 6 नए ऑटो टिपर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विदित हो कि पूर्व में सिर्फ चार ऑटो टिपर और एक ट्रेक्टर से नगर की साफ सफाई की जाती थी। जिसके कारण पूरे नगर में 100 प्रतिशत डोर टू डोर कचड़े का उठाओ नही हो पा रहा था। डोर टू डोर कचड़े के उठाओ को बेहतर बनाने तथा शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में 6 नए ऑटो टिपर शहर के लोगों के लिए रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष राजकुमार मेहता, उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, सिटी मैनेजर शशि प्रकाश, वार्ड पार्षदगण, सुपरवाइजर, तथा कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## छह ऑटो टिपर किया गया रवाना



ऑटो टिपर को रवाना करते अतिथि।

देशप्राण संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा), 2 सितंबर :** डोमचांच नगर पंचायत में गुरुवार को स्वच्छ डोमचांच सुंदर डोमचांच का सपना साकार करने को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार मेहता एवं उपाध्यक्ष पप्पू मेहता सिटी मैनेजर शशि प्रकाश सहित नगर के वार्ड पार्षद ने हरी झंडी दिखाकर अपने गंतव्य की ओर रवाना किया। इसके पूर्व सभी छह ऑटो टिपर का शहिद चौक स्थित हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना किया। नगर पंचायत डोमचांच में कचरा उठाने वाली गाड़ियों की कमी को देखते हुए कुछ दिन पूर्व इन 6 गाड़ियों की खरीदी की गई थी जिससे डोमचांच नगर क्षेत्र में प्रतिदिन निकलने वाले कूड़े कचरे को इन गाड़ियों से परिवहन करके साफ सफाई अभियान को सही तरीके से संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार मेहता ने बताया कि गाड़ियों की उपलब्धता हो जाने से अब नगर क्षेत्र के सभी वार्डों से कूड़ा कचरा डोर टू डोर उठाने में काफी सहूलियत होगी आने वाले दिनों में नगर पंचायत में जरूरत के अनुसार अन्य गाड़ियां जैसे जेसीबी ट्रैक्टर एवं अन्य वाहन को अति शीघ्र मंगाया जाएगा। उपाध्यक्ष पप्पू मेहता ने बताया कि काफी दिनों से डोमचांच नगर पंचायत में कचरा उठाने वाली गाड़ियों की कमी महसूस हो रही थी जिसको देखते हुए सर्वप्रथम स्वच्छ एवं सुंदर डोमचांच के सपनों को साकार करने को लेकर गाड़ियों को नगर पंचायत डोमचांच के सभी वार्डों के साफ सफाई के लिए यह सुविधा दिया गया है इस ऑटो टिपर में सूखा कचरा एवं गीला कचरा दोनों को सही तरीके से ले जाकर कचड़े स्थल में डंप करने की समुचित व्यवस्था है। मौके पर सिटी मैनेजर शशि प्रकाश वार्ड पार्षद नीलकंठ मेहता उमेश मेहता सुपरवाइजर राजा सिंह सूरज कुमार रवींद्र कुमार मेहता विक्रम सिंह राजेश दास सुदामा कुमार दास बबलू दास दीपक कुमार अजय कुमार लक्ष्मण दास मनोज कुमार दास सूरज कुमार दास राजू कुमार दास सिकंदर दास कैलाश दास सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

Tollfree No.: 1800-120-2929 Website: www.dmajharkhand.in Follow us on : @JharkhandDMA